




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 90 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 11 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया


## मर्सिडीज की टक्कर से मजदूर की मौत

**नीमच, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल के गांव गिरदौड़ा के पास गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 56 वर्षीय मजदूर सोहन सिंह की जान चली गई। कनावटी से मजदूरी करके घर लौट रहे सोहन को तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने टक्कर मार दी थी।

घटना के बाद कार चालक वाहन को बोरखेड़ी टोल टैक्स के पास छोड़कर फरार हो गया। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी सुबह लगी। गंभीर रूप से घायल सोहन को बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार को सुबह तक मौत की खबर नहीं थी और वे रात भर उनकी तलाश करते रहे। सिटी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उनकी तीन बेटियां हैं, जिनमें से एक का विवाह हो चुका है, जबकि दो का विवाह होना बाकी है। स्थानीय निवासी रोहित कुमार ने आर्थिक रूप से कमजोर पीड़ित परिवार के लिए शासन-प्रशासन से सहायता की मांग की है।

# कार्रवाई: चार साल, 09 लाख रिफंड कराए, 27 लाख रुपए फ्रिज

## सीमित संसाधनों के साथ साइबर ठगों की धरकपड़



### ऑनलाइन फ्रॉड पर नजर...

| साल | एफआईआर | फ्रीज राशि | रिफंड राशि |
|---|---|---|---|
| 2021 | 49 | 100000 | 100000 |
| 2022 | 103 | 395417 | 395417 |
| 2023 | 138 | 347627 | 18500 |
| 2024 | 135 | 1863625 | 390100 |
| कुल योग | 425 | 2706669 | 904017 |

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो साइबर ठगों से निपटने के लिए पुलिस के पास संसाधनों और तकनीकी कुशल स्टॉफ की कमी है। लेकिन, इसके बाद भी पुलिस की मेहनत सीमित संसाधनों और स्टॉफ के बीच कुछ रंग ला रही है। चार साल की बात करें तो हर तीन दिन में एक व्यक्ति साइबर ठगों का शिकार हुआ है। इधर हाल ही में सूरज गुप्ता के साथ हुई ठगी से पहले के आंकड़ों पर नजर डाले तो चार साल में पुलिस ने 09 लाख रुपए रिफंड कराए तो 27 लाख रुपए फ्रिज कराने में सफलता प्राप्त की।

जिले में हर 03 दिन में किसी न किसी थाने में साइबर बैंकिंग फ्रॉड का मामला जरूर आ रहा है। टेक्नालॉजी में अपडेट अपराधी वारदात के नए-नए तरीके खोज रहे हैं, वहीं पुलिस सीमित साधनों में मशक्कत करने को मजबूर है। हालांकि कई मामले ट्रेस भी हुए हैं। बीते सालों में ऑनलाइन फ्रॉड संबंधी 425 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। इस अवधि में 27 लाख रुपए की राशि फ्रीज कराई गई। जबकि, 09 लाख से ज्यादा की रकम रिफंड करवाई जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक ऐसे मामलों में तत्काल शिकायत जरूरी है। दरअसल साइबर ठगों की लोकेशन बिहार, राजस्थान, उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में रहती है। ऐसे में अपराधी केस को अंजाम देने के बाद मोबाइल की सिम तोड़ देते हैं या बदल लेते हैं। अपराधी बातों-बातों में लोगों को झांसे में लेकर उनसे कई तरह के एप डाउनलोड कराते हैं। लिंक के जरिए भी राशि ऐंठ लेते हैं। कुल मिलाकर जरा सी चूक गंभीर लापरवाही बनती है और जीवनभर की पूंजी जाने में देर नहीं लगती है। चिंता की बात ये भी है कि साल 2021 से लेकर अब तक में साल दर साल साइबर बैंकिंग फ्रॉड हर साल बढ़ रहा है।

### पांच मिनट की बातचीत और हो गया ट्रांजेक्शन...

**केस-1- बिजली कंपनी का नाम लेकर एप डाउनलोड कराया...**

मंदसौर के 70 वर्षीय परवेज खान के मोबाइल पर बिजली कंपनी कार्यालय बताकर कॉल आया। सामने से ऑनलाइन बिल सिस्टम से जोड़ने के नाम पर 10 रुपए ट्रांसफर का कहा। एप भी डाउनलोड करवा दिया। 15 मिनट बातचीत के बाद परवेज के पास लगातार 2 मैसेज आए। 1 लाख 35 हजार ट्रांजेक्शन हो चुके थे। शिकायत पर पुलिस ने बैंक से राशि फ्रीज करवाई। प्रकरण विवेचना में है।

**केस-2- लोन का झांसा देकर की ठगी...**

नई आबादी निवासी 34 वर्षीय युवक को निजी बैंक के जरिए लोन का झांसा देकर ठगी की। क्यूआर कोड के जरिए खेल हुआ। ऋण मिलना तो दूर उसके खाते से 24 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए। साइबर टीम के पास मामला पहुंचा। टीम ने संबंधित खाते का पता लगाया और राशि फ्रिज करवाई।





# चार शातिर सायबर ठगों को पुलिस ने दबोचा

## पूर्व नपाध्यक्ष के बेटे को पहनाई थी 38 लाख से ज्यादा की झालरदार टोपी, ब्रांडेड कंपनियों की फ्रेंचाइजी के लिए फर्जी वेबसाइट से बनाया शिकार

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। पुलिस ने कोलकाता और बिहार के चार साइबर ठगों को दबोचा है। ठगोरों की इस गैंग ने मंदसौर नपा के पूर्व अध्यक्ष के बेटे के साथ 38.67 लाख रूपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। लगातार 13 दिन तक प्रयासों के बाद पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में जितेन्द्र सिंह पिता राजकपूर प्रसाद जाति कुर्मी उम्र 31 साल निवासी ग्राम मायड हिसार हरियाणा हाल मुकान 7/63 रोड मेट्रो शोपिंग माल के पास मुकुंदपुर जिला 53 कोलकाता (प. बंगाल), सचिन रंजन उर्फ अमित उर्फ टिंकु पिता मिथलेश कुमार उम्र 33 साल निवासी ग्राम झौर थाना वारसलीगंज जिला नवादा (बिहार), अमिष पिता मिथलेश कुमार उम्र 23 साल निवासी ग्राम झौर थाना वारसलीगंज जिला नवादा (बिहार), नितीश कुमार पिता स्व. शिवनंदन प्रसाद उम्र 23 साल निवासी ग्राम झौर थाना वारसलीगंज जिला नवादा (बिहार) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से ठगी से हड़पे गए 23 लाख 31 हजार 400 रुपए बरामद किए है।**

पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद ने बताया कि 22 दिसम्बर को मंदसौर निवासी सूरज पिता योगेश गुप्ता ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि 27 नवम्बर को उसे एक मेल आया, जिसमे उसे जूडियो ब्रांड की फ्रेंचाइजी देने का प्रपोजल दिया था। उन्हें कॉल कर फ्रेंचाइजी की जानकारी दी गई। इसके बाद फरियादी ने 2 से 17 दिसम्बर तक ओवरसीज बैंक और फेडरल बैंक के अलग अलग खातों में 38 लाख 67 हजार 710 रुपए आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर किए। आरोपी ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एक अमाउंट और डालने का बोला। फरियादी ने बैंक में इस अकाउंट के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि वह एक बचत खाता है, जो किसी अन्य व्यक्ति के नाम से है। इसके बाद फरियादी को धोखाधड़ी का पता चला। लेकिन, तब तक उसे 38 लाख से अधिक रुपयों की चपत लग चुकी थी।

### नए साल की पार्टी से लौटा एरोड्रम पर पकड़ा...

पुलिस कप्तान श्री आनंद ने बताया कि मुख्य आरोपी जितेंद्र को पकड़ने पुलिस की 2 टीम बिहार और पश्चिम बंगाल में 13 दिनों तक तलाश करती रही। आरोपी मनाली में नए साल की पार्टी मनाने गया था। वापस लौटा तो पुलिस ने उसे कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा तीन अन्य आरोपियों को बिहार के नवादा क्षेत्र से पकड़ा गया।

### नक्सली इलाके में लोगों ने घेरा...

पुलिस के अनुसार बिहार का नवादा जिला नक्सली इलाके के पास ही है। इससे लगे झोर गांव में पुलिस आरोपियों को पकड़ने गई थी। यहां आरोपियों की मां ने क्षेत्रीय भाषा में गाना गा कर लोगों को इकट्ठा कर लिया। जब पुलिस को लगा कि उन्हें घेर लिया है, तो तुरंत आरोपियों को नजदीकी थाने ले जाया गया। इसके बाद नवादा के पुलिस कप्तान के सहयोग से मध्यप्रदेश पुलिस को सफलता मिली।

### बिहार में डोमेन कोलकाता में ठगी...

शिकायत के बाद पुलिस को साइबर सेल से पता चला कि साइबर ठगी करने वाली गैंग अलग-अलग राज्यों में वेबसाइट बनाकर लोगों को बड़ी कंपनियों की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर फंसाते थे। वह बड़ी रकम अलग-अलग बैंक अकाउंट में डलवाते थे। इसमें अलग-अलग गैंग को काम बाटा था। एक गैंग फर्जी तरह से बैंक अकाउंट खुलवाती, दूसरी गैंग फर्जी सीम कार्ड कलेक्ट करती और एक अन्य गैंग एटीएम से रुपए विड्राल करती थी। यह अकाउंट, सीम और एटीएम उन लोगों के नाम होते थे, जिन्हें अपने नाम पर बैंक अकाउंट, सीम और एटीएम कार्ड होने का पता नहीं होता था। इन बैंक खातों में मोटी रकम ट्रांसफर होती थी। आरोपियों के कब्जे से 38 सीम कार्ड, 11 मोबाइल, 14 बैंक अकाउंट की पासबुक और 30 एटीएम मिले है। पुलिस फर्जी बैंक अकाउंट और सीम कार्ड उपलब्ध करवाने वाले लोगों को भी आरोपी बनाएगी।

बता दें कि आरोपी फर्जी सीमकार्ड से कॉल या मेल कर बड़ी कंपनी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देते थे। जब कोई व्यापारी झांसे में आता तो उसे अलग-अलग नम्बर से कॉल कर फंसाते और फ्रेंचाइजी देने की डील करते थे। जैसे ही व्यापारी रुपया बैंक अकाउंट में डालता, उसे विड्राल कर लेते।

पुलिस के अनुसार गैंग का मुख्य आरोपी जितेन्द्र सिंह पिता राजकपुर प्रसाद कुर्मी हरियाणा का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान में 7/63 रोड शॉपिंग माल के पास मुकुंदपुर जिला कोलकाता के एक फ्लैट में रह रहा था। उसकी शादी बिहार के नवादा में हुई थी। उस गांव में कई लोग इस तरह का गैंग ऑपरेट कर ऑनलाइन ठगी का काम करते है। जितेंद्र ने भी यही से ठगी करना सीखा और नवादा बिहार जिले के झोर गांव के रहने वाले सचिन रंजन उर्फ अमित उर्फ टिंकु पिता मिथलेश कुमार अमिष पिता मिथलेश कुमार और नितीश कुमार पिता शिवनंदन प्रसाद के साथ मिलकर ठगी करने लगा।



## कोहरे में कमी, ठंड अभी भी असरदार

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में सर्द हवाओं से मौसम ठंडा बना हुआ है। हालांकि कोहरे में कमी दिख रही है। दिन और रात के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिली है। जिले में अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री के आसपास बना हुआ है। अगले दो दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा। हल्के बादल छाए राह सकते है। मौसम विभाग ने 10, 11 और 12 जनवरी को दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। इसके बाद तापमान में फिर गिरावट होगी। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी से बूंदाबांदी और बादल वाला मौसम रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 10 जनवरी के बाद फिर मौसम बदलेगा। इस दौरान शीत लहर चलने का भी अनुमान है। जनवरी के पहले सप्ताह में भी कड़ाके की ठंड पड़ी थी। अब दूसरा दौर शुरू हुआ है।

# बीजेपी : जिलाध्यक्षों की सूची फाईनल, घोषणा का इंतजार

***मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।*** बीजेपी संगठन चुनाव के दूसरे चरण में पार्टी हाईकमान ने प्रदेश के 62 जिलों के अध्यक्षों का नाम फाइनल कर लिया है। पार्टी नेताओं के अनुसार, संभावना थी कि शुक्रवार को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की हरी झंडी के बाद सूची जारी की जा सकती है। शुक्रवार देर रात खबर लिखे जाने तक कोई घोषणा नहीं हो पाई। इधर सोशल मीडिया पर कभी राजेश दिक्षीत का नाम तो कभी नानालाल अटोलियों का नाम फाईनल हो रहा है। अपनी मर्जी से कोई भी नाम की सूची लगातार वायरल हो रही है। लेकिन, अधिकारिक घोषणा का इंतजार है। बताया जाता है कि पिछले एक सप्ताह से जिलाध्यक्षों के चुनाव को लेकर चल रही माथापची के बाद जिन नामों पर सहमति बनी है, उनमें से कई रायशुमारी में आए पैनल से बाहर के हैं। सूत्रों के अनुसार, संगठन की गाइडलाइन को भी ठेंगा दिखाकर दिग्गज नेता अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनवा पाने में सफल रहे हैं।

### जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद शुरु होगी प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया...

माना जा रहा है कि जिलाअध्यक्षो की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरु होगी। प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के प्रवास के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को प्रदेश भाजपा के 62 जिलों के अध्यक्ष पर केंद्रीय नेतृत्व ने सहमति बना ली। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने प्रदेश के कई नेताओं के साथ कई दौर की बातचीत की। लेकिन, अंत में दिग्गजों की जिद ही सफल रही। सभी अंचलों में दिग्गज अपने-अपने समर्थकों को बिठाने में सफल रहे।

बैठक के बाद यह भी बात सामने आई कि जिला प्रभारी हर जिले में जाकर नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करेंगे। लेकिन, बाद में संगठन चुनाव टोली ने केंद्रीय चुनाव टोली को समय की कमी का हवाला देते हुए जिलाध्यक्षों के निर्वाचन की घोषणा प्रदेश से करने की मांग की। इसके बाद शाम को एक साथ सभी 62 जिलों के नामों की घोषणा की भी तैयारी कर ली गई, लेकिन ऐन वक्त पर इसे टाल दिया गया।

## सहकारी सोसायटियों में निवेश करने वाले अपनी रिस्क पर निवेश कर रहे है...

# सहकारिता विभाग की कोई जिम्मेदारी नही, निवेशक सोच समझ कर ही निवेश करे..!

### हाल ए सोसायटी लूट

हेमन्त शर्मा

**मनासा, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बड़ा अजीब हाल है अविभाजित जिले के सहकारिता विभाग का, कम्बख्त लूट का लाइसेंस देकर, फिर कहते है कि हमारी जवाब दारी नही, अरे भाई यदि प्रत्येक शासकीय विभाग आपकी तरह कार्य करने लगा तो कैसे पूरा होगा डा. मोहन यादव के सुशासन का सपना, भाजपा की सरकार के बड़े-बड़े वादो पर सहकारिता विभाग, सहकारी सोसायटियो के माध्यम से ग्रहण लगाता नजर आ रहा है..।

पशुपतिनाथ सहकारी सोसायटी मंदसौर, पिपल्या मंडी, मनासा, दलौदा के संचालक करोड़ो का चूना लगाकर भाग गये हैं... सोसायटी में काम करने वाले और प्रतिदिन कलेक्शन करने वाले एजेंट परेशान है.. क्योंकि बाजार से पैसा तो एजेंट अपने व्यव्हार पर ही लाता है... वही सोसायटी में अनर्गल ब्याज के लालच में... जिन लोगो ने लाखो की एफ़डी करवाई है, उनके पैसे भी डूब गये... अब ये सभी एजेंट और निवेशक थानों में जाकर और सड़को पर बैठकर आंदोलन कर रहे है... लेकिन, क्या आप लोगो ने निवेश करने से पूर्व थानों से अनुमति ली थी क्या..?

वहीं जिले का सहकारिता विभाग जो इस लूट की जड़ का मूल कारण है, जो बगैर किसी जांच और नियमो के धड़ल्ले से फ्रेंचाइजी बांटने में लगा है... सोसायटी शुरू होती है एक शहर से और देखते ही देखते कब वो अन्य शहरों में अपना जाल बनाती है, पता ही नहीं चलता... वर्त्तमान में देखा जाये तो इससे अच्छा कोई धंधा ही नहीं... 5 से 6 लोग मिलकर एक संस्था बनाते हैं, पंजीयन करवाया, एक ऑफिस खोला और बाजार से कलेक्शन शुरू... फिर क्या धीरे-धीरे जो पैसा आता है, उसी पैसे को मार्केट में लोन के नाम पर बांट देना... जिसमे फाइल चार्ज के नाम पर, बीमे के नाम पर... एवं अन्य खर्च बताकर राशि ली जाती है और लोन दिया जाता है... अब किसी कारण आपकी किश्त बकाया रही तो आपके ऊपर इतने चार्ज लगा देते है कि, आपकी कल्पना से बाहर होते है और फिर कब आपका लोन चार गुना और पांच गुना हो जाता है, पता ही नहीं चलता... और इस कार्य में पुलिस प्रशासन भी आपका सहयोग करता है..!

जो पैसा ना दे तो चेक बाउंस करवाओ और पार्टी को जैल पहुंचाओ... फिर इससे भी काम ना चले तो इनके खाते सीज करवाओ... अब यदि इससे भी काम नहीं चले तो जिन लोगो ने लोन में इनकी ग्यारंटी दी है... उनके खाते भी सीज करो... और यदि आप सहकारिता विभाग में गये तो वो पहले ही जवाब बनाकर तैयार रहते है कि इसमें हमारी कोई जवाबदारी नहीं है, ये आपका और सोसायटी का मामला है... सोचो ऐसा व्यापार कहां मिलेगा.! बहरहाल एक बात तो तय हे जल्दी ही मनासा में भी निवेशकों के पैसे डूबने की तैयारी है... कारण की ये जो सोसायटियां हे वो 13-14 प्रतिशत के ब्याज का लालच देकर ग्राहकों से लाखो रुपयो की एफ़डी करवा रही है, आखिर ये स्थानीय सोसायटी वाले आपके निवेश किये पैसो को ऐसे कौन से व्यापार में लगा रहे की आपको राष्ट्रीय बैंको से भी अधिक ब्याज दे रहे है... ये शुद्ध रूप से लालच देकर आपके मेहनत की पूंजी को डकारने की व्यवस्था है... इसलिए ऐसा कोई निवेश ना करे वरना आज पशुपति नाथ सोसायटी के संचालक भागे है, कल ना जाने कौन भागे..!

# कांग्रेस में सर्जरी से तिलमिलाए छत्रप खुद के बनाए अध्यक्ष को कोस रहे हैं...

**मंदसौर/उज्जैन, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय कार्य समिति के भाषण के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संगठन की सर्जरी करने की शुरुआत कर दी है। इस कारण प्रदेश के संगठन एकदम सक्रिय हो गए हैं। जैसे मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी ने अभी-अभी कुछ नियुक्तियां की है। जिसके लिए किसी से पूछा नहीं, ऐसे आरोप लग रहे हैं। आरोप लगाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कमलनाथ के साथ पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन भी शामिल है। इन तीनों के एक साथ होने का कारण भी एक ही है और इसी खास कारण को अपनाए रखने के लिए भी यह तीनों ख्याति प्राप्त थे, जब तक यह गादी पर आसीन थे। जब से गादी छीनी तभी से इन्हें जीतू पटवारी में एब नजर आने लगे हैं। जबकि, इन्हीं एबो कारण इन तीनों नेता की पसंद थे जीतू पटवारी। अब वही जीतू पटवारी से इसलिए नाराज है कि प्रदेश संगठन में पटवारी अपनी पसंद के पदाधिकारी नियुक्त कर रहे हैं।



चन्द्रमोहन भगत

इस तिकड़ी से पूछा नहीं जा रहा है। बैठकों का एजेंडा हमसे बिना पूछे जारी किया जाता है आदि। जीतू पटवारी जो कुछ कर रहे हैं, जिस तरह से कर रहे हैं, इन्हीं के करीब रहकर सीखा है। उन्हीं तरीकों का अनुपालन कर रहे हैं तो फिर नाराजी क्यों ! जाहिर है कांग्रेस को पुराने ढर्रे से चलाना चाहते हैं जिससे कि उनके बगैर मध्य प्रदेश में कांग्रेस समाप्त सी हो जाएगी। जबकि, इनके रहते ही कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हुई थी, जो अभी भी रुक ही नहीं रही है। इन्हीं तीनों की कांग्रेस को चलाने की कार्य प्रणाली अगर जीतू पटवारी अपनाएंगे तो कांग्रेस की उल्टी गिनती और तेज हो जाएगी। इसके अलावा वर्तमान में जब जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हैं। तब विपक्षी भाजपा अधिक मजबूत होकर स्थायी होती नजर आ रही है। जीतू अगर नए युवा पदाधिकारी की भाजपा से संघर्ष करने लायक टीम बना रहे हैं तो तीनों नाराज बड़े नेताओं को नाराज होने के बजाय मार्गदर्शन करना चाहिए।

कांग्रेस हाईकमान को ही इन तीनों नेताओं को मार्गदर्शन मंडल में डाल देना चाहिए। क्योंकि, इनकी नाराजगी भी इसलिए सतह पर आई है कि जीतू ने कुछ भी करने से पहले इन तीनों से कुछ मार्गदर्शन क्यों नहीं लिया! इनका मन और अतीत मार्गदर्शन देने के लिए उछाल खा रहा है। अगर हाई कमान इनकी सार्वजनिक हो चुकी भावना को मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समझ ना पाए तो यह मध्य प्रदेश में कांग्रेस को और अधिक गर्त में धकेलते रहेंगे?

कांग्रेस में बने इस वातावरण को देखकर यह दावा किया जा सकता है कि बरसो बरस कांग्रेस में महत्वपूर्ण पदों पर एकाधिकार रखने वाले दिग्विजय सिंह, कमलनाथ, मीनाक्षी नटराजन खुद अपने क्षेत्र से लोकसभा चुनाव हारे हुए हैं। जो अपनी घरेलू सीटों से बुरी तरह हारे हैं, वह इस बात के लिए नाराज और लालायित हैं कि हमारी सलाह मानेंगे तो प्रदेश भर में कांग्रेस फल फूल जाएगी।जबकि, इन्हीं के हाथों में जब तक कांग्रेस रही, गर्त में समाती रही थी। पिछले 20 सालों में ये तिकड़ी नेता कुछ कर नहीं पाए थे और अब जीतू पटवारी पर तंज कस रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए ही कहा गया है कि-

**'आंखें मूंद लेने से खतरा न जाएगा। अब वह देखना पड़ेगा जो देखा ना जाएगा।'**

# तस्करी की शंका में बाइक सवार का पीछा करती स्कार्पियो की टक्कर से महिला घायल

**पिपलियामंडी, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को पिपलियापंथ मार्ग पर मादक पदार्थ तस्करी की आशंका में एक बाइक का पीछा कर रही स्कार्पियो के चालक ने महिला को टक्कर मार दी, जिसे एक मजदूर महिला घायल हो गई। क्षेत्र में लगातार पुलिस व नारकोटिक्स टीम तस्करों के वाहनों को पकड़ने के लिए स्पीड से वाहन को चलाते है, इससे दुर्घटनाएं हो रही है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर पिपलियापंथ मार्ग पर एक पल्सर बाइक का पीछा करते हुए नई स्कार्पियो स्पीड से निकली। इस दौरान पिपलियापंथ मार्ग ईट भट्टे कार्य करने वाली मजदूर महिला भादवा (आलोट) निवासी घटाबाई (45) पति शोभाराम वर्मा घायल हो गई। जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हुआ। बाद में रेलवे फाटक के यहां भी स्कार्पियो ड्राइवर ने पीछा करने के दौरान बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद बाइक सवार नीचे से भागता हुआ ब्रिज पर चढ गया और चलती बाइक से ही एक बेग बायपास रोड पर फेंककर भाग निकला। आस-पास दुकानदार बेग के पास पहुंचे, इस दौरान स्कार्पियो में सवार करीब 5 से 6 लोग पहुंचे और बेग लेकर चले गए। बताय गया बाइक सवार का पीछा कर रही टीम नारकोटिक्स की थी। चौकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

**आए दिन करते है पीछा, जा सकती है लोगों की जान:**–मादक पदार्थ लेकर जा रहे वाहन का पीछा करने के लिए पुलिस व नारकोटिक्स टीम स्पीड में वाहन से पीछा करती है, इससे दुर्घटनाएं हो जाती है। 27 सितम्बर 2024 को भी एक इनोवा का नारायणगढ पुलिस पीछा कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार चपेट में आ गया था। 16 अप्रेल 2024 को भी नारायणगढ पुलिस ने मादक पदार्थ लेकर वाहन लेकर जा रहे वाहन का पीछा करने के दौरान चौपाटी पर एक युवती को टक्कर मार दी थी, जिसका इलाज भी नही कराया।

# श्री रामानुज के सानिध्य में निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार शिविर आज

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री हरिकथा आयोजन समिति एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर द्वारा 11 जनवरी शनिवार को रुद्राक्ष माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड मंदसौर के परिसर में नि:शुल्क सर्व रोग चिकित्सा परामर्श जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे आचार्य श्री रामानुज जी महाराज के सानिध्य में होगा।



इस आशय की जानकारी देते हुए श्री हरि कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, सचिव सुरेश सोमानी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण छापरवाल, संयोजक मोहनलाल शर्मा जांगिड़ , बृजेश जोशी, सहसंयोजक हरीश गर्ग केडिया एवं गौरव रत्नावत एडवोकेट ने बताया कि समिति के माध्यम से माहेश्वरी धर्मशाला परिसर में 3 जनवरी से 12 जनवरी तक श्री राम कथा का विराट आयोजन 21 कन्याओं के विवाह के संकल्प के साथ चल रही है। इसी कथा के दौरान आज 11 जनवरी शनिवार को नि:शुल्क सर्व रोग चिकित्सा परामर्श जांच एवं भर्ती शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में सभी प्रकार की जांच एवं भर्ती होने वाले मरीजों का उपचार पुरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा। अनेक प्रकार की दवाइयां भी निशुल्क रूप से प्रदान की जाएगी। शिविर में जांच उपरांत यदि ऑपरेशन योग्य कोई मरीज पाया जाता है तो उसका निशुल्क उपचार पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर में होगा। जहां पर मरीज को मंदसौर से उदयपुर ले जाने एवं लाने की सुविधा भी निशुल्क रूप से रहेगी साथ ही मरीज का भोजन भी रहेगा। शिविर के माध्यम से पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर में मिलने वाली निशुल्क सेवा में ईसीजी, एक्स रे, सिटी स्कैन, सोनोग्राफी, ईको, कार्डियोग्राफी, मैमोग्राफी, सभी प्रकार के रक्त की जांच, निशुल्क बच्चेदानी ऑपरेशन, और सभी तरह की जांच भी सम्मिलित रहेगी है। सिलिकोसिस बीमारी से पीडित मरीजों के लिए निशुल्क स्पायरोमेट्री की जांच , मोतियाबिंद का ऑपरेशन लेंस सहित कमर एवं घुटने का दर्द का उपचार ,डेंगू मलेरिया ,एवं टाइफाइड सही अन्य बीमारियों का उपचार नि:शुल्क रहेगा। किल, मुंहासे, सफेद दाग एवं चर्म रोगों का उपचार सभी तरह के बच्चों के रोगों का उपचार बहरेपन का उपचार, निशुल्क डिलीवरी की सुविधा, दांतों की जांच उपचार सहित सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क रूप से उपचार किया जाएगा।

हरि कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित मरीजों से अनुरोध किया कि आज 11 जनवरी शनिवार को आचार्य श्री रामानुज जी के सानिध्य में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क रूप से लगने वाले चिकित्सा परामर्श एवं जांच एवं भर्ती शिविर का लाभ अवश्य उठावे। श्री अग्रवाल ने अनुरोध किया कि शिविर में पंजीयन करने वाले सुबह शिविर स्थल पर पुरानी बीमारी की जांच रिपोर्ट हो तो साथ में लेकर आवे।





## जिला प्रशासन द्वारा राजस्व महाअभियान के तहत परंपरागत रास्ता विवादों के निराकरण एवं आम सहमति से रास्ता खुलवाने की सार्थक पहल...

# ग्राम सभाएं आयोजित कर पक्षकारों की सहमति से खुलवाए 136 रास्ते

**नीमच, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला प्रशासन नीमच द्वारा राजस्व महाअभियान के तहत परंपरागत रास्ता विवादों का निराकरण कर, आपसी सहमति से रुढीगत रास्ते खुलवाने का सार्थक प्रयास किया गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राजस्व महाअभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में परंपरागत रास्ता विवादों के निराकरण एवं रास्ता खुलवाने के लिए विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गई। इन ग्राम सभाओं में पक्षकारों की आपसी सहमति से रास्ता विवादों का निराकरण कर 136 से अधिक रास्ते खुलवाए गए है।**

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अरविंद डामोर एवं एस.डी.एम. जावद श्री चंद्रसिह धार्वे ने शुक्रवार को जावद क्षेत्र के दुरस्थ ग्राम पंचायत दौलतपुरा जाट एवं ग्राम पंचायत लुहारिया जाट में आयोजित विशेष ग्राम सभा में उपस्थित हुए कलेक्टर ने खाट पर बैठकर ग्रामीणों से संवाद किया और रास्ता विवादों के संबंध में जानकारी ली और इन रास्ताक विवादों का निराकरण करवाया। ग्राम पंचायत दौलतपुरा जाट की विशेष ग्राम सभा में कलेक्टकर ने आवेदक कैलाशचंद्र- डालुराम धाकड, अनावेदक मनीष धाकड तथा आवेदक मुरलीधर एवं अनावेदक भंवरीबाई भगवानलाल को ग्राम सभा में समझाईश देकर, परंपरागत रास्ता विवाद का आपसी सहमति से निराकरण करवाया और मौके पर रास्ता खुलवाकर, अनावेदक को रास्ता दिलवाया। इसी तरह ग्राम लुहारिया जाट की ग्राम सभा में ग्रामीणों से चर्चा कर, रास्ता विवादों की जानकारी ली और रास्ते संबंधी चार विवादों का ग्राम सभा में ही आपसी सहमति से निराकरण करवाया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने लुहारिया जाट में दो भाईयों पृथ्वीराज एवं रतनलाल पिता उदयराम ब्राह्मण के बीच चल रहे खेत पर जाने के विवाद का ग्राम सभा में आपसी सहमति से निराकरण करवाया और उनके खेत पर जाकर, खुलवाए गए रास्ते का मौके पर अवलोकन भी किया।

कलेक्टर ने इन विशेष ग्रामसभाओं में ग्रामीणों से चर्चा कर, उनकी समस्याएं भी सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। लुहारिया जाट में रामलाल ने लालपुरा डेम में डूब भूमि का मुआवजा नहीं मिलने पर कलेक्टर से मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर ग्राम लुहारिया जाट में रेस्टोरेशन कार्य तत्काल पूर्ण करवाने और क्षतिग्रस्त नालियों को दुरूस्त करवाने के निर्देश जल निगम अधिकारियों को दिए। उन्होने गांव के सार्वजनिक कुएं की मुंडेर बनवाने एवं आम रास्ते से कुएं में जा रहे गंदे पानी की निकासी के प्रबंध करने के निर्देश भी ग्राम सचिव को दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत लुहारिया के समीप परिसर में स्थित रोडिया एवं रैती, गिट्टी, के भण्डारण को तत्काल हटवाने के निर्देश भी ग्राम पंचायत सचिव को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंजू भील, सरपंच श्रीमती मिथिलेश कुंवर, श्रीमती गिरीजाबाई प्रहलाद धाकड एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। राजस्व महाअभियान के तहत शुक्रवार को जिले में आयोजित विशेष ग्रामसभाओं में आपसी सहमति से तहसील क्षेत्र सिंगोली में 71 रास्ता विवाद, जावद में 14, मनासा में 9, रामपुरा में 5, नीमच ग्रामीण में 25, नीमच नगर में 6 एवं जीरन तहसील क्षेत्र में 6 रास्ता विवादों का निराकरण कर, परंपरागत रास्ते खुलवाए गए है।

# भावेश आसवानी मप्र रोल बॉल टीम के कप्तान नियुक्त

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय रोलबॉल संघ द्वारा कुर्लूर आंध्र प्रदेश में आयोजित हो रही 18वीं रोलबॉल जूनियर बालक बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता मैं मंदसौर के खिलाडी भावेश असवानी को मध्य प्रदेश बालक टीम का कप्तान नियुक्त किया गया वहीं बालिका वर्ग में दृष्टि शर्मा को बालिका मध्य प्रदेश टीम का और उपकप्तान नियुक्त किया गया इनके साथ मंदसौर जिला रोल बाल संघ के खिलाड़ी लक्ष्य शर्मा, भव्य नाहर, विनायक जैन, हार्दिक जैन, दुर्वा काले, देही शर्मा, नीतिका पारेख व आरोही शर्मा मध्य प्रदेश टीम का हिस्सा होगी ।इन खिलाड़ियों का चयन इंदौर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर हुआ। अधिक जानकारी देते हुए जिला रोल बाल संघ के सचिन काले ने बताया कि कन्नूर में आयोजित हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के 10 तारीख को खेले गए मुकाबले में मध्य प्रदेश टीम के प्रशिक्षक राकेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में खेलते हुए भव्य नाहर ने 2 गोल लक्ष्य शर्मा ने 2 गोल विनायक जैन 2 व भावेश आसवानी ने 1 गोल किए व हार्दिक जैन ने रक्षा पंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया जिसकी वजह से मध्य प्रदेश टीम में चंडीगढ को 12 0 से पराजित किया ग्रुप में अन्य टीमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान व पुणे एकेडमी हे वहीं बालिका वर्ग में महाराष्ट्र, हरियाणा व उत्तर प्रदेश की टीम हे इनमें जीतने वाली दो टीम में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। इन में अधिकांश खिलाडी इससे पूर्व भी जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर जिला रोलबाल के अध्यक्ष विकास आचार्य जिला स्केटिंग संघ के अध्यक्ष कपिल भंडारी, अनिल चौधरी, अनिल जैन,



जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा लीड कॉलेज खेल अधिकारी राजू कुमार महेंद्र शुक्ला, अविनाश उपाध्याय, कुलदीप सिंह चौहान, जलज सिसोदिया, दिव्यांशु परमार, कनिष्क पवार, लाभांशी हेजू सहित अभिभावकों को व सीनियर खिलाड़ियों ने बधाई दी व अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## जनजातीय गौरव गाथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी ने बताया है कि उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150 वें जन्म वर्ष को जनजातीय गौरव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उसी तारतम्य में महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2025 को जनजातीय गौरव गाथा पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में कुल 56 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रोहित गुप्ता ने प्रथम, लक्ष्मी मेहरू, सुरेन्द्र सिंह व धीरज प्रजापत ने संयुक्त रूप से द्वितीय, रिद्धि रत्नावत, रानी तथा अक्षिता राठौर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. भारतसिंह कलेश ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को जनजातीय गौरव गाथा भाग- 1 से प्रश्न पूछे गए, जिसमें 43 जनजातीय समाज के क्रान्तिकारियों एवं महापुरुषों की गौरव गाथाएँ लिखित है। उक्त प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी जिला स्तर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम अधिकारी, एन.एस.एस. डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया है कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातीय समाज के क्रान्तिकारियों एवं महापुरुषों के स्वतन्त्रता आन्दोलन में किए गए बलिदान एवं योगदान से परिचय करना था। प्रतियोगिता के आयोजन में प्रो. संजय पंवार, प्रो. नितिन कारपेण्टर एवं डॉ. प्रियंका जैन ने महती भूमिका निभाई।

## कालेज चलो अभियान के तहत पीजी कालेज की टीम ने किया स्कूलों में भ्रमण

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 हेतु 'कॉलेज चलो अभियान' प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज चलो अभियान के तहत दिनांक 9 व 10 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के प्राध्यापकों की समिति ने सी.एम. राईज स्कूल साबाखेड़ा, मदरसा अनवाररूल उमावि, शा. कन्या उमावि, मंदसौर तथा शा.उमावि, डिगांवमाली, लोटस वैली उमावि, दशपुर उमावि, केन्द्रीय विद्यालय, मंदसौर, शा.उमावि, रेवासदेवड़ा में महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न जानकारियां पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को दी।



कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जे.एल. आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति में महाविद्यालय की ओर से सुश्री सायमा परवीन, डॉ. वीणासिंह, श्री दीपक कुमार, श्री उत्तम कुमावत, डॉ. ललिता लोधा, श्री योगेश पटेल, श्री सिद्धार्थ बरोडा, श्री महेश बामनिया उपस्थित थे जिन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 की रूपरेखा बताते हुए महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में खेलकूद संबंधी गतिविधियां, एन.एस.एस एवं एन.सी.सी. की जानकारी भी प्रदान की गई। टीम ने शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी ताकि महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय वे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सके एवं उन्हें समस्याओं का सामना न करना पड़े। उपरोक्त स्कूलों के प्राचार्य सहित उनके स्टाफ ने महाविद्यालयीन टीम को पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## कल सांवरिया सेठ के दर्शन करने वाले यात्रियों को आशीर्वाद देंगे जगदगुरु शंकराचार्य जी

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीवन में संतों का सानिध्य ओर आशीर्वाद काफी महत्वपूर्ण है जिससे जीवन में सुख समृद्धि बढ़ती है।



उक्त जानकारी देते हुए महालक्ष्मी ट्रेवल्स के संचालक राहुल तावरे ने बताया कि कल 12 जनवरी रविवार को प्रात: 8 बजे मंदसौर से सांवरिया सेठ दर्शन हेतु सर्वसुविधा युक्त देव दर्शन हेतु मात्र 700 रू. में मंदसौर से सांवरिया सेठ दर्शन उसके बाद जूना सांवरिया उसके बाद लौटते हुए आवरीमाता जी के दर्शन की सुविधा होंगी। इस सर्व सुविधायुक्त बस को जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर अदिति गर्ग, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द, जिले के जनप्रतिनिधि अधिकारी श्रद्धालु और आमजन उपस्थित रहेंगे। श्री गोविंद तावरे ने मंदसौर जिले श्रद्धालुओं और भक्तों आमजन से अपील करते हुए कहा की अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होकर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ का स्वागत कर आशीर्वाद लेकर उनके आशीर्वाद वचन सुनकर धर्मलाभ लेवें।

### निकाली पैदल निशान यात्रा

**पिपलियामंडी, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से मल्हारगढ खाटू श्याम मंदिर तक पैदल निशान यात्रा निकाली। शुक्रवार को प्रात: टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बैंड-बाजों के साथ शुरु हुई पैदल निशान यात्रा में बडी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए व मल्हारगढ खाटू श्याम मंदिर पहुंच पूजा-अर्चना की।

## वरिष्ठरंगकर्मी सुशील जौहरी कला का जौहर दिखाएंगे थारो मारो प्रेम में

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** थारो मारो प्रेम के निर्माता निर्देशक राजेंद्र सिंह राठौर ने इंदौर में वरिष्ठ रंगकर्मी सुशील जौहरी से मुलाकात कर उनके अनुभवों को साझा किया।



आपने बताया की मालवी में फिल्म निर्माण होने जा रही है ।यह मालवांचल के लिए बेहद खुशी और हर्ष की बात है। बॉलीवुड के कलाकारों के साथ में मालवांचल के रंग कर्मियों को ,अभिनय के क्षेत्र में कार्य करने वालों को तथा सिनेमा से जुडे साथी जो एडिटिंग का कार्य करते हैं, जो मालवी में लिखते हैं और मालवी की पृष्ठभूमि को राष्ट्रीय पटल पर रेखांकित करने वाली और मालवी बोली को शीर्ष पर ले जाने के इस अभिनव प्रयास में आपने आग्रह भी किया की जो मालवा से जुड़े हैं जो मालवी बोली से प्यार करते हैं और जो कला के क्षेत्र में अपने अभिनय से कुछ कर दिखाना चाहते हैं वह 18 जनवरी के ऑडिशन में जो मंदसौर यूनिवर्सिटी में 11 बजे से 5 बजे तक होने जा रहा है ,उसमें ज़रूर सहभागिता करें। सुशील जोहरी मूलतः मंदसौर के हैं वर्तमान में इंदौर में निवासरत है 20 से अधिक सीरियल में 1000 से अधिक एपिसोड में आपने अभिनय किया है । 50 से अधिक नाटकों के 500 से अधिक मंचन में अपने अभिनय किया है और लगभग 400 से अधिक नाटकों का अपने निर्देशन भी किया है और 6 फीचर फिल्म में भी आपने अमिट छाप छोड़ी है। पांच टेली फिल्मों के साथ में 8 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का निर्माण एवं निर्देशन भी आपके द्वारा किया गया है और 10 विज्ञापन फिल्मों में भी अपने अभिनय से प्रभावित किया है। सुशील जौहरी से थारो मारो प्रेम के प्रोडक्शन टीम की जब मुलाकात हुई तो पूर्व पार्षद रवि वर्मा और राजेश सिंघाई हेलो टिवटर से उपस्थित रहे। यह जानकारी कास्टिंग डायरेक्टर नरेंद्र कुमार त्रिवेदी सूत्रधार ने दी।

# प्रशिक्षण सह जागरुकता अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामान्य वनमंडल मन्दसौर के वन परिक्षेत्र मन्दसौर अंतर्गत बीट बरदल के धुंधलेश्वर महादेव मंदिर कैंपस में अनुभूति शिविर का आयोजन म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा तैयार की गई रूपरेखा एवं दिशा निर्देश अनुसार किया गया। परिक्षेत्र अंतर्गत सी एम राइज विद्यालय साबाखेड़ा के छात्र, छात्राओं, शिक्षकों के साथ मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव थीम पर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक बच्चों को केप, कपडो से बना थैला एवं अनुभूति पुस्तक का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित 130 छात्र- छात्राओं को ट्रेकिंग के दौरान वृक्ष प्रजाति की पहचान, पारिस्थितिकी तंत्र एवं खाद्य जाल में किस्टोन प्रजाति के महत्व एवं विभिन्न वन्य प्राणियों के पदचिन्हों इत्यादि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अनुभूति के मास्टर ट्रेनर श्री राजकमल आर्य एवं अनिल कुमार जैन अशासकीय प्रेरक द्वारा विद्यार्थियों को प्रकृति भ्रमण में दूरबीन के माध्यम से नगर वन में पाये जाने वाली पक्षियों एवं वृक्षों की प्रजाति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चाय, नाश्ता, भोजन नो प्लास्टिक यूज को ध्यान में रखते हुए दोना पत्तल इत्यादि में करवाया गया।

उपवनमंडलाधिकारी गरोठ श्रीमति सरोज रोज, वनपरिक्षेत्र अधिकारी मंदसौर श्री रतन सिंह सिंगोड द्वारा विद्यार्थीयो को वन एवं जैवविविधता के महत्व के संबंध में बताया गया। साथ ही वन स्टाफ श्री रघुराज सिंह सिसोदिया,श्री पुष्कर मालवीय द्वारा विद्यार्थियों को ट्रैकिंग के दौरान जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के रोचक खेल जैसे जंगल की पुकार, हमारी वन संपदा एवं पक्षियों के प्रवास जैसी अन्य गतिविधियां भी कराई गई। क्विज का आयोजन कर प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किए गए। पर्यावरण जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई गई एवं सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप श्री यशपालसिह सिसोदिया पूर्व विधायक, श्री अनिल सिह देवडा रेवास देवड़ा सरपंच एवं श्रीमती उर्मिला तोमर पर्यावरण विद उपस्थित रहे।



## विधि महाविद्यालय में युवा सप्ताह के तहत भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर विधि महाविद्यालय में आज दिनांक 10 जनवरी 2025 को युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विद्यार्थी ईशान कौशिक, द्वितीय स्थान छात्रा रिया नामदेव को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार पाटीदार, द्वारा स्वागत भाषण एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित वरिष्ठप्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार कौशिक, प्राध्यापक डॉ. रूचिकुंवर देवडा, डॉ. सीमा श्रीमाल, प्रो. चंचल शर्मा, प्रो. हेमलता चौहान, प्रो. प्रवीण कुमार चौधरी, प्रो. ईश्वर प्रजापति एवं प्रो. बहादुर डावर आदि के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन प्रो. साक्षी माली द्वारा किया गया व कार्यक्रम के अंत में आभार वरिष्ठप्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार कौशिक द्वारा किया गया।



## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर कनघट्टी की बैठक सम्पन्न

**मनासा, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर कनघट्टी की बैठक बालाजी मंदिर पर सम्पन्न हुई..। जिसमें बैठक जिला सहमंत्री निलेश जी जैन द्वारा ली गई एवं संगठन के विषय पर चर्चा कर नगर की नवीन दायित्व जिम्मेदारी दी गई..। बैठक के पश्चात नगर में चल रही शिव महापुराण में गुरुदेव श्री राकेश शर्मा का विहिप बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीफल, डूपट्टा, राम मंदिर चित्र, एवं शस्त्र भेट कर स्वागत सम्मान किया गया.. जिसमें माननीय ओमप्रकाश जी बटवाल साहब, जिला सह मंत्री निलेश जी जैन, मल्हारगढ प्रखंड से देवराज जी गुर्जर, लाखनसिंह जी शक्तावत, सेमली खंड से योगेश जी सुथार, कनघट्टी खंड से ईश्वर जी नागरिया एवं नगर कनघट्टी से नवीन दायित्व घोषणा में अध्यक्ष गजेन्द्रसिंह जी राठौर, उपाध्यक्ष चिंटू जी काटवा, मंत्री बाबूलाल जी किर, संयोजक जितेंद्रसिंह जी शक्तावत को जिम्मेदारी दी गई..एवं नगर से प्रवीण जी आर्य, मनेश आर्य, ललित, शंभूलाल जी, शिखर आर्य, दिलीप आर्य, कुलदीप प्रजापति, धनराज जी हिंदल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी आर्य दिलीप कुमार द्वारा दी गई।

# एक क्रांतिकारी संन्यासी स्वामी विवेकानंद आज भी प्रासंगिक

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। युवाओं के आदर्श - चिर प्रेरक ,भारतीय संस्कृति के अग्रदूत , विश्व धर्म के उद्घोषक , व्यावहारिक वेदांत के प्रणेता , वैज्ञानिक आध्यात्मिक के भविष्य दृष्टा युगनायक स्वामी विवेकानंद को एक सौ सत्ताइस वर्ष हो गये किन्तु उनका व्यक्तित्व आज भी हिमालय सा युगाकाश पर तेजोमय सूर्य की भांति प्रकाशमान है । उनका जीवन दर्शन आज भी उतना ही प्रेरक और प्रभावी है जितना तत्कालीन समय था बल्कि उससे भी अधिक आज प्रासंगिक बन गया है ।**



आज हमने भौतिक और आर्थिक रूप से प्रगति की है लेकिन प्रगतिशील भारत और आम इंसान के गरीब भारत के बीच विषमता की जो खाई मौजूद है उसे पाटे बिना देश की समग्र प्रगति की तस्वीर अधूरी ही रहेगी । स्वामीजी कहते थे बौद्धिक एवं सांस्कृतिक पराधीनता से मुक्त युवा शक्ति ही उस स्वप्न को साकार कर पाएगी। सबसे पहले हमें स्वस्थ्य एवं बलिष्ठ शरीर की जरूरत है बाकी चीजें बाद में आएगी फुटबॉल खेलने से मजबूत हुए शरीर के साथ गीता को ज्यादा बेहतर ढंग से समझ पाओगे। दुर्बल और रुग्ण शरीर वाला अध्यात्म के मर्म को क्या समझ पाएगा । अतः युवाओं को लोहे की मांसपेशियों की जरूरत है और साथ ही ऐसी नस नाड़ियों की जो फौलाद की बनी हो। इसके तात्पर्य मनोबल आत्मबल से है जो चरित्र का बल है । आज जरूरत ऐसे ही चरित्र निष्ठ युवक - युवतियों की है। ऐसे स्वामी विवेकानंद के पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था और माता भुवनेश्वरी देवी। कलकत्ता में जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ । 1884 में बी ए पास किया इसी वर्ष पिता का निधन हो गया। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) विश्व धर्म सम्मेलन में भारत के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे और वहां जो बोले उसे सुनकर सब चकित रह गये। अमेरिका में इनका बहुत बड़ा भक्त समूह बन गया। 1897 में राम कृष्ण मिशन की स्थापना की , अमेरिक में अनेक रामकृष्ण मिशन की शाखाएं स्थापित हुई। स्वामी विवेकानंद की आध्यात्मिक यात्रा तत्वमसि से आरंभ होकर अहं ब्रह्मास्मि के अनुभव वाक्य में पर्यवसित हुई। इनके गुरु और महानतम संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने आध्यात्मिक शक्तियों के आरोपण यानी आत्म साक्षात्कार कराया । आत्म साक्षात्कार के अनंतर ही स्वामी जी को वेदांत दृष्टि जागृत हुई और वे नरेंद्र नाथ से स्वामी विवेकानंद बने।

**स्वामीजी के जीवन की दो स्मरणीय घटनाएं यहां प्रस्तुत है -** अमेरिका से स्वामीजी यूरोप गए। जर्मनी में वे एक मशहूर कवि दार्शनिक के घर मेहमान बने। मेजमान एक पुस्तक की बड़ी प्रशंसा करने लगे। विवेकानंद बोले , ' मुझे एक घंटे के लिये पुस्तक दे दीजिए , जरा देखें तो इसमें क्या है ? ' मेजमान ने आश्चर्य से पूछा, ' एक घंटे में आप क्या जान लेंगे ? मैं इसे हफ्ते भर से पढ रहा हूँ पर अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुँचा। फिर यह पुस्तक जर्मन भाषा में है जो आप नहीं जानते । आप इसको पढ़ेंगे कैसे? ' विवेकानंद ने अपनी बात दोहराई तो मेजमान ने मजाक समझ कर वह पुस्तक उनको दे दी। विवेकानन्द पुस्तक को दोनों हथेलियों के बीच दबाकर पकड़कर एक घंटे तक बैठे रहे फिर पुस्तक लौटा दी और कहा, ' इसमें कुछ कुछ खास नहीं। ' मेजमान ने इसे अहंकार समझा तो विवेकानंद ने कहा,' आप इसके बारे में मुझसे कुछ भी पूछ सकते हैं। ' उसके बाद मेजमान ने जो भी पृष्ठसंख्या बताई स्वामीजी ने उसी वक्त पूरा पृष्ठ शब्दशः सुना दिया। मेज मान को बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ ।उन्होंने पूछा यह क्या है? पुस्तक खोले बिना और वह भी जर्मन भाषा की पुस्तक के बारे में आप सब कुछ बता सकते हैं? दरअसल वे नहीं जानते कि स्वामीजी के पास विवेक मानी बोध की विशेष क्षमता थी। समाधि का अनुभव - विवेकानंद प्रारंभ से ही तर्क सम्मत बुद्धिमान और जोश से भरे व्यक्ति थे। एक बार उन्होंने गुरु रामकृष्ण से कहा, 'आप प्रतिक्षण भगवान भगवान करते रहते हैं। मैं कैसे मानू की भगवान हैं , मुझे प्रमाण दीजिए।' रामकृष्ण ने कहा, 'मैं ही प्रमाण हूं ' 19 वर्षीय विवेकानंद ने तीन दिन बाद वापस आकर पूछा, ' क्या आप मुझे ईश्वरदर्शन करा सकते हैं। ' रामकृष्ण ने पूछा,' तुम्हारे पास उन्हें देखने का साहस है ? ' विवेकानंद ने कहा, ' हाँ।' रामकृष्ण ने विवेकानंद की छाति पर अपने पैर रख दिए और विवेकानंद समाधि की अवस्था में यानि मन की सीमाओं से परे चले गए। लगभग 12 घंटे बाद समाधि से जब बाहर आए तो पूरी तरह बदल चुके थे। उसके बाद उन्होंने अपने जीवन में कभी कोई प्रश्न नहीं पूछा, बल्कि प्रश्नों के उत्तर देने लगे। स्वामी विवेकानंद ने अपनी अद्वितीय वाणी और आध्यात्मिक दृष्टि से न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति और वेदान्त के विचारों को पुन: स्थापित किया। उनका जीवन और शिक्षाएँ आज भी मानवता को प्रेरित करती है जो आत्म साक्षात्कार और सेवा के मार्ग पर चलने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती है।



**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 75 | 2301 | 2590 |
| उडद | 23 | 3450 | 6199 |
| सोयाबीन | 4260 | 3900 | 4302 |
| गैहु | 1552 | 2987 | 3260 |
| चना | 160 | 5201 | 6363 |
| मसुर | 16 | 5451 | 5852 |
| धनिया | 350 | 5600 | 7400 |
| लहसुन | 11000 | 9500 | 24000 |
| मैथी | 350 | 4500 | 5700 |
| मुंगफली | 2786 | 4010 | 5290 |
| अलसी | 1544 | 5970 | 6326 |
| सरसो | 260 | 5401 | 5753 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 100 | 9400 | 12701 |
| प्याज | 12500 | 801 | 2101 |
| कलोंजी | 18 | 13681 | 17401 |
| तुलसी बीज | 2 | 14261 | 14682 |
| डॉलर | 8 | 5450 | 10200 |
| तिल्ली | 150 | 10801 | 11620 |
| किनोबा | 218 | 2912 | 3871 |
| मटरसुखी | 1 | 6457 | 6457 |
| असालीया | 35 | 10551 | 13401 |
| चियाबीज | 28 | 14900 | 16351 |

## जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 19 को मंदसौर आयेंगी



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त कलेक्टर द्वारा बताया गया की जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 19 जनवरी को प्रात: 10 बजे झाबुआ से प्रस्थान कर मन्दसौर आयेगी। तय कार्यक्रम अनुसार दोपहर 1 बजे संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदाखेडी, खजुरिया सारंग के सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगी। सायं 4 बजे मन्दसौर से प्रस्थान कर रतलाम जायेंगे।

## वैध भण्डारण पर खनिज विभाग की कार्यवाही, 34 डम्पर रेत जप्त

**नीमच, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार नीमच में 8 जनवरी 2025 से रेत के अवैध भण्डारणों पर कार्यवाही 9 जनवरी 2025 तक जारी रही। जिला खनिज अधिकारी श्री आरिफ खान ने बताया, कि खनिज विभाग की टीम बुधवार की रात्रि डूंगलावदा ग्राम जब पहुंची, तो वहा पर एक बडा प्लाट जो, कि चारो तरफ बाउन्ड्रीवाल से घिरा था एवं दरवाजे पर लॉक लगा रखा था, उसकी जांच की गई, तो वहा पर रेत का विशाल भण्डारण पाया गया। जब उस भंडार को जप्त कर उठवाने का प्रयास किया गया तो स्थानीय ग्रामीण एकत्रित होकर विरोध करने लगे। स्थितियों को नियंत्रित कर रात्रि में वहां से रेत उठाना प्रारंभ की सुबह तक संपूर्ण रेत उठाकर कलेक्टर कार्यालय स्थित परिसर में रखी गई। उक्त खाली प्लाट से 16 डम्पर रेत जप्त की गई हैं। इस प्रकार कार्यवाही में कुल 34 डम्पर रेत जप्त की जा चुकी हैं। श्री खान ने बताया कि अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## युवाओं की प्रगति के लिए राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाने को तत्पर-मुख्यमंत्री



**नीमच, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा आरंभ की गई है। युवा अपने सपनों को साकार करें, जीवन में आगे बढ़ें, प्रदेश और समाज को आगे बढ़ाएं, इस उद्देश्य से राज्य सरकार सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर है। युवाओं के जीवन में एक नया सूर्य उगे, वे अपने जीवन को आलौकिक करें, अपनी ऊर्जा का समाज हित में उपयोग करें, युवा दिवस के संदर्भ में युवाओं से यही अपील है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश की लाडली बहनों को जनवरी माह की अनुदान राशि का अंतरण कालापीपल जिला शाजापुर से किया जाएगा। युवाओं को उन्नति और प्रगति के सभी अवसर प्राप्त हों इस उद्देश्य से राज्य सरकार बहुआयामी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बैकलॉग के पदों को भरने जा रही है। पीएससी के अंतर्गत गत तीन वर्ष के जो पद हैं, उनको ही एक ही वर्ष में तीन अलग-अलग परीक्षा कराकर भरने का निर्णय भी लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का मुख्य आधार प्रदेश की युवा शक्ति है। युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के अवसर प्राप्त हों, इस उद्देश्य से कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में आरंभ हुए रीवा, उज्जैन सहित अन्य आई.टी. पार्को के माध्यम से युवाओं को अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर प्रदेश में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के परिणामस्वरूप रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि के साथ ही शासकीय विभागों में भर्ती की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज आरंभ किए गए हैं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में आयुर्वेद, एलोपैथी, होम्योपैथी के कॉलेज आरंभ किए जा रहे हैं। पीपीपी मॉडल को सम्मिलित करते हुए 2 वर्ष में 25 मेडिकल कॉलेज आरंभ किए जाएंगे।

## सत्य से बड़ा कोई धर्म नही होता-आचार्य रामानुजजी



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री हरिकथा आयोजन समिति के तत्वावधान में आचार्य श्री रामानुजजी के मुखारविंद से 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में किया जा रहा। कथा के सातवें दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण का लाभ लिया, आस्था उमड़ रही थी, कथा मंडप पूरी तरह से भरा हुआ था, आचार्य श्री रामानुजजी ने व्यास पीठ पर विराजित होकर कहा कि सद्गुरु व्यापक है शिष्य निष्काम होकर,पूर्ण समर्पण के साथ सद्गुरु की शरण मे पहुंचता है तो गुरु उसे अमर बना देते हैं, स्वयं राम आकर उसकी मदद करते हैं। गुरु आपकी अस्मिता से जोड़ने का काम करते हैं।

आचार्य श्री रामानुजजी ने कहा कि भगवान के समान ही सद्गुरु भी पवन होते हैं इसलिए गुरु की स्तुति जे गुर चरन रेनु सिर धरही, ते जनु सकल बिभव बस करही,जय जय जय हनुमान गुसाई,कृपा करहु गुरुदेव के स्वरूप में की जाती है। गुरु के नाम पर विवाद मूर्ख लोग करते हैं जिसने सच मे गुरु चरण रज को मस्तक पर धारण किया हो वह विवाद में नही पडता क्योकि गुरु विवाद नही संवाद होता है। इसलिए विवाद से मुक्त होकर संवाद में मुस्करा सको तो समझना गुरु को पा लिया। आचार्य श्री ने कहा कितने लोगों से नाराज होकर चलोगे।सच्ची श्रद्धा लेकर यात्रा करे तो सत्संग जीवन को बदल देता है। सत्य से बड़ा कोई धर्म नही होता आपकी निष्ठा सत्य के साथ है तो आप एक दिन परमात्मा की सन्निधि में पहुंच जाएंगे। गुरु मुक्ति के मार्ग पर ले जाता है गुरु हमारी खोई हुई प्रतिष्ठा को भी वापिस दिला देता है, गुरु वैकुंठ से भी परमात्मा को उतार कर ले आता हैं। आचार्य श्री रामानुजजी नें कहा कि ईश्वर व्यापक है आप जिस स्वरूप में उसे याद करते हो उसी स्वरूप में वह दर्शन देता है। मन्दसौर के पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने कहा है हम सौभाग्यशाली है मन्दसौर में शिवना के साथ शिव का समागमन है । तलाई वाले बालाजी महाराज यहां विराजे है और आचार्य श्री का सानिध्य हमे मिला है। ऐसे आचार्य को पाकर हम गौरव की अनुभूति करते हैं। जहा अपनत्व होता वहां अधिकार हो जाता है और संत और आचार्य हमारे अपने हो जाते हैं। भव्य आयोजन हरिकथा आयोजन समिति ने किया है पूरी समिति साधुवाद की पात्र हैं। इस अवसर पर रामकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने श्री रामकथा के अंतिम दो दिवस अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा श्रवण का लाभ प्राप्त करें। 21 कन्याओं के विवाह के पुनित संकल्प के साथ श्री रामकथा का आयोजन हो रहा है।संचालन ब्रजेश जोशी,लोकेश पालीवाल ने किया।

## गुजराती सेन समाज के चुनाव 25 को होंगे सम्पन्न

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गुजराती सेन समाज की मंदसौर नगर इकाई के वरिष्ठ एवं युवा अध्यक्ष के निर्वाचन 25 जनवरी 2025, शनिवार को सम्पन्न होंगे। उक्त जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारीगण सर्वश्री रामचन्द्र परिहार, सोहनलाल परिहार, अनिल वप्पा, ब्रजेश टांकवाल, लीलाधर गेहलोद, किशोर सेन लाईनमेन, राजेश सोलंकी, राजेश परमार व शंभूसेन राठौर ने बताया कि 25 जनवरी को संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलालजी जोशी सभागृह में चुनाव आयोजित किये जायेंगे। जो भी वरिष्ठ एवं युवा अध्यक्ष हेतु उम्मीदवार है वह 24 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा कर परिहार बंधु, मुखर्जी चौक, मंदसौर से फार्म प्राप्त कर वहीं जमा कर सकते है। 25 जनवरी को दोप. 2 बजे तक संजय गांधी उद्यान में नाम वापसी होगी। एक से अधिक उम्मीदवार होने व आपसी सहमति नहीं होने पर 25 जनवरी को दोप. 2 बजे से 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। तथा मतदान सम्पन्न होने के पश्चात् मतगणना एवं विजयी उम्मीदवार की घोषणा की जाएगी। मतगणना में बराबर मत प्राप्त होने पर गोटी से अध्यक्ष पद का चयन किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारीगण ने सभी समाजजनों से निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

## जम्मू कश्मीर में पर्यटन के साथ बढ़ रहे रोजगार के अवसर

### सांसद सुधीर गुप्ता श्रीनगर में उद्योग संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्ययन दौरे में सम्मिलित हुए



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मोदी सरकार का सपना हुआ सरकार अब जम्मू कश्मीर में पर्यटन के साथ-साथ उद्योग स्थापित होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी आशय को लेकर केंद्र सरकार की सांसदों की संसदीय स्थाई समिति और उद्योगों की स्थापना से संबंधित बैंक और अन्य मंत्रालयों के उच्च अधिकारियों ने श्रीनगर का दौरा कर उद्योग स्थापना की संभावनाओं और क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बढने पर समीक्षा बैठक की। बैठक में जम्मू कश्मीर में उद्योग स्थापना एवं निष्पादन साथ ही सूक्ष्म उद्योग को बढ़ावा देने जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर समिति ने अध्ययन किया। ज्ञात रहे कि मोदी सरकार के महत्वपूर्ण फैसलों में से एक जम्मू कश्मीर में उद्योगों की स्थापना करना ताकि युवाओं को भटकाव से रोका जा सके और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाई जा सके और इसके लिए सरकार पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है। इसी आशय को लेकर सरकार ने दो दिवसीय उद्योग स्थापना के कार्य एवं निष्पादन समीक्षा की बैठक की। बैठक में संसदीय समिति में मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता ने भी हिस्सा लिया और कहा की केंद्र की मोदी सरकार हर वर्ग हर क्षेत्र में एक नए भारत का निर्माण कर रही है और जम्मू कश्मीर में उद्योगों की स्थापना वहां के विकास में यह एक मील का पत्थर साबित होगा। यहां पर पर्यटन के साथ ही उद्योगों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर में उद्योग स्थापना के कार्य एवं निष्पादन की समीक्षा स्थानीय सूक्ष्म लघु उद्योग सघं, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक,यूनियन बैंक आफ इंडिया, केनरा बैंक ऑफ़ इंडिया, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, एमएसएमई मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, क्रिक के प्रतिनिधि, एनएचपीसी लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड, पावर फाइनेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया, हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन आफ इंडिया, इंजिनियर्स इंडिया लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय, पेट्रोलियम मंत्रालय, प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ जम्मू कश्मीर के उच्चाधिकारी ने औद्योगिक विकास की वर्तमान स्थिति एवं संभावनाओं पर अध्ययन दौरे पर उपस्थिति दर्ज की।

## महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस मनाया



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में दिनांक 10 जनवरी 2025 को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से किया गया। उसके पश्चात प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी का पुष्पहार से स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी ने अपने उद्बोधन में विश्व हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि हिंदी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिष्ठा मिल सके। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जे.एल.आर्य ने बताया कि हिंदी की महत्ता को बरकरार रखने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करते रहना चाहिए ताकि हिंदी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक महत्व मिल सके। हिंदी भाषा एक ऐसी शक्ति है जो विभिन्न संस्कृतियों, देशो और लोगों के बीच सामूहिकता और गौरव का संदेश फैलाती है। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा जैन ने बताया कि आज हमें हिंदी भाषा को आत्मसात करने की जरूरत है तभी हम उसके महत्व को अक्षुण्ण रख पाएंगे। डॉ. ललिता लोधा, सहायक प्राध्यापक ने विश्व हिंदी दिवस मनाने का इतिहास एवं महत्व बताया। संस्कृत विभाग के डॉ. अनिल आर्य द्वारा विद्यार्थियों को हिंदी और संस्कृत के अंत: संबंध को समझाते हुए विश्व हिंदी दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर .के. व्यास ने विद्यार्थियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हमें हिंदी में काम करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय योजना इकाई के स्वयंसेवको एवं हिंदी के विद्यार्थियों द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर मानव श्रृंखला बनाकर हिंदी के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति डोसी ने किया एवं अंत में आभार डॉ. नेहा दीक्षित ने माना। इस अवसर महाविद्यालय के डॉ. भरत सिंह कलेश, डॉ. एस.एल. इरवार , डॉ. अशोक पाटीदार, सुश्री प्रियंका जैन, श्री संजय भाटिया, श्री वर्दीचंद्र राठौर तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान में सहकारी बैंक ने...

### 401 फूड बास्केट एवं एक्सरे मशीन हेतु 2.50 लाख रू. सहायता प्रदान की



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** टी.बी. मुक्त भारत अभियान में सहकारी बैंक ने 401 फूड बास्केट एवं एक्सरे मशिन हेतु 2.50 लाख रू. सहायता प्रदान की। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. मदंसौर में निक्षय मित्र बनाये जाने हेतु कार्यकम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, नोडल अधिकारी टीबी एवं संयुक्त संचालक चिकित्सा भोपाल डॉ. मनिष सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. गोविन्दसिंह चौहान, जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर. के. द्विवेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को उच्च प्राथमिकता देना। इस अभियान को जन-आंदोलन बनाना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। जिले को टी.बी. मुक्त करने हेतु सभी निक्षय मित्र बनकर सेवा एवं सहयोग प्रदान करें। उक्त कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक एवं सम्बद्ध पैक्स संस्थाओं के 100 कर्मचारियों द्वारा निक्षय मित्र बनकर टी.बी. रोगियों की सहायता करने का संकल्प लेकर 401 फुड बास्केट की 1 लाख 41 हजार रू की राशि प्रदान की गई। जिला चिकित्सालय मंदसौर को चलीत एक्सरे मशिन क्रय हेतु बैंक की और से 2 लाख 50 हजार रू की राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

## जहरीली शराब के साथ पकड़ाए आरोपी के घर से बरामद हुई चोरी की 8 बाइक



**पिपलियामंडी, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जहरीली शराब के साथ पकडाए आरोपी से चोरी की 8 बाइक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार पिपलिया चोकी पुलिस ने काचरिया चन्द्रावत मार्ग पर बिना नम्बर की बाइक से जा रहे ढिकनिया निवासी केशरीमल (23) पिता लाभचंद बावरी को पकड़ा। आरोपी से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पिपलियामंडी, मंदसौर, मल्हारगढ़ आदि जगह से 8 बाइक चोरी की वारदात भी कबूली। पुलिस ने आरोपी के घर दविश देकर बाड़े में रखी 8 बाइक भी बरामद की। चौकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया आरोपी पूर्व में भी लहसुन चोरी के मामले में पकडा जा चुका है। एक दिन रिमाण्ड अवधि के बाद उसे शुक्रवार को नारायणगढ़ कोर्ट में पेश किया, जिसे जेल भेजने के आदेश हुए।

## पति को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पत्नी को भेजा जैल, सास-ससुर फरार

**पिपलियामंडी, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** युवक द्वारा आत्महत्या के मामले में पुलिस ने विवेचना के बाद उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं सास-ससुर फरार है। जानकारी के अनुसार 14 दिसम्बर 2024 को गांव किशनगढ में ईश्वरलाल (35) पिता घनश्याम बावरी ने स्वयं के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में मृतक की मां रुकमणीबाई ने हत्या का अरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ईश्वरलाल की पत्नी जामवंतीबाई आए दिन परेशान करती थी। घर के खर्च को लेकर झगडा करती थी। साथ ही ईश्वर के ससुर पिपलियापंथ निवासी मदनलाल पिता लक्ष्मीनाराण बावरी व सास सुगनाबाई भी ईश्वरलाल को घर खर्चा देने के नाम पर परेशान करते थे। इसी से परेशान होकर ईश्वरलाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया विवेचना के बाद पुलिस ने युवक की पत्नी, ससुर व सास पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मृतक की पत्नी जामवंती को गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए है। वहीं ससुर मदनलाल व सास सुगनाबाई फरार है।

## भीम आर्मी आज़ाद समाज पार्टी की बैठक संपन्न



**सीतामऊ, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को समीपस्थ कोटेश्वर महादेव पर भीम आर्मी/आजाद समाज पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह व बैठक संपन्न हुई..बैठक में जिले में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम करने को लेकर रूप रेखा तैयार की गई,साथ ही पार्टी व संघटन का सदस्यता अभियान, गाँव-गाँव चलो,घर-घर चलो अभियान शुरू करने को लेकर तथा जिले के संघटन पार्टी के विस्तार व मजबूत करने पर भी चर्चा हुई, बैठक में जिले के सभी तहसीलों से संघटन व पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिसमे जिला अध्यक्ष पवन कुमार रैदास, भीम आर्मी पूर्व जिला अध्यक्ष मंगलेश सूर्यवंशी,संभाग महासचिव पर्वत राठौर,आजाद समाज पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष गुफरान पठान,कार्यवाहक अध्यक्ष अर्जुन दकड़िया, गोपाल रायकवार, बालमुकंद सूर्यवंशी, दिलीप भुनेचा,आशीष मेहता, प्रकाश सोलंकी, प्रकाश सूर्यवंशी, सचिन यादव, केलाश सूर्यवंशी,अल्ताफ मंसूरी,अकरम शेख, मोहसिन कुरेशी,विकास हटिला, जीवन सूर्यवंशी, तालिब अंसारी,दिनेश सुर्यवंशी,सहित भीम आर्मी/ आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे,। बैठक मे सर्व सम्मति से भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष मुकेश सूर्यवंशी रामाखेडी को नियुक्त किया गया तथा आजाद समाज पार्टी जिला मीडिया प्रभारी अफ़ज़ल शेख रामाखेडी को नियुक्त किया गया।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पटवारी 16 को मंदसौर दौरे पर



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन एवं मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी 16 जनवरी गुरुवार को मंदसौर जिले के दौरे पर रहेंगे,श्री जीतू पटवारी शाम 4:00 बजे गरोठ में, शाम 5:30 बजे सुवासरा और शाम 7:30 बजे मंदसौर में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे, उक्त दौरे में श्री पटवारी के साथ जिला कांग्रेस प्रभारी श्री जयवर्धन सिंह, पूर्व सांसद श्री मीनाक्षी नटराजन, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री दिलीप सिंह गुर्जर, मंदसौर जिला सह प्रभारी श्री हेमंत सिंह चौहान, मंदसौर जिला सह प्रभारी श्री अमन बजाज सहित पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री नवकृष्ण पाटिल,पुष्पा भारतीय,पूर्व जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया सहित वरिष्ठनेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## ब्रिगेडियर नायर 15 को मंदसौर आयेंगे

**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के ग्रुप कैप्टन श्री संजय दीक्षित द्वारा बताया गया कि मन्दसौर जिले में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिक/ विधवाओं/वीर नारियों और आश्रितो से मिलने एवं वार्तलाप करने हेतु ब्रिगेडियर श्री अरुण नायर, सेना मैडल (से.नि.) संचालक संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश आगामी 15 और 16 जनवरी 2025 को जिले के भ्रमण पर रहेंगे।गांधीसागर जल विद्युत गृह में 15 जनवरी दोपहर 4.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक, 16 जनवरी कोसीतामऊमें प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर मंदसौर में दोपहर3.00 बजे से 4.00 बजे तक पधारेगें। मंदसौर एवं नीमच जिले के सभी भूतपूर्व सैनिको / विधवाओ/वीर नारियो और आश्रितो से आग्रह है कि आप संचालक महोदय से भेंट करने के लिए समय पर पधारे।

## श्री पंचमुखी बालाजी कानाखेड़ा में श्रीमद् भागवत कथा में रामानंदपुरीजी ने कहा...

# कन्या भ्रूण हत्या नहीं रुकी तो बेटे के लिए बहू कहां से लाओगे



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कन्या भ्रूण हत्या करना पाप होता है। कन्या भ्रूण हत्या नहीं करनी चाहिए इससे सदैव बचना चाहिए ।बेटे और बेटी में अंतर नहीं करना चाहिए। बेटा एक कुल को तारता है। बेटियां दो कूलों को तारती है। कन्या भ्रूण हत्या को शास्त्रों में भी पाप बताया गया है। इसलिए कोई भी मानव कन्या भ्रूण हत्या नहीं होने दे। सरकार भी कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए प्रयास कर रही है। हमें भी इसे रोकने के प्रयास करने में सहभागी बनना चाहिए।कन्या भ्रूण हत्या नहीं रुकी तो बेटे के लिए बहु कहां से लाओगे। यह बातश्री पंचमुखी बालाजी मंदिर कानाखेड़ा के तत्वाधान में आयोजित धर्म कथा में बाबा विश्वनाथ गुरुकुलम उजडखेडा उज्जैन के व्याकरणाचार्य रामानंद पुरी जी महाराज ने कही। वे पंचमुखी बालाजी के दशम स्थापना दिवस एवं मकर सक्रांति के पावन उपलक्ष्य में पंचमुखी बालाजी मंदिर भक्ति पांडाल में आयोजित श्री मद्भागवत कथा एवं अखंड रामायण पाठ के आयोजन धर्म कथा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रावण ने एक बार राजा जनक के खेत में भ्रुण कन्या भूमि में गाड दिया था वहां 1200 वर्ष तक बरसात नहीं हुई। फिर अनेक कन्या भ्रूण हत्या हो रही है तो इस देश का क्या होगा। हमें चिंतन करना चाहिए। एक बटुक की हत्या 100 गायों की हत्या के पाप के बराबर होती है। 100 वेद पाटी बटुक की हत्या एक ब्रह्मचारी की हत्या, 1 विवाहित महिला की हत्या के पाप के बराबर , 100 विवाहित महिला की हत्या का पाप एक 11 वर्ष की कन्या की हत्या के पाप के बराबर होता है सो कन्या की हत्या का पाप एक दो माह के कन्या भ्रुण हत्या के पाप के बराबर होता है।हम सभी को कन्या भ्रूण हत्या के पाप से बचना चाहिए । बेटा बेटी के जन्म में अंतर नहीं करना चाहिए तभी हमारा कल्याण होगा।और प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। भाई भाई के आपस में प्रेम रहना चाहिए। प्रेम से अलग होंगे तो घर परिवार मंदिर कहलाएगा ।धन सुख का साधन नहीं। प्रेम सुख का साधन होता है। प्रेम हमेशा परिवार में रहना चाहिए। संसार में लोग मरते समय व्यक्ति को गीता सुनाते हैं।यह आडंबर है ।व्यक्ति को जीते जी गीता सुनाना चाहिए ।मरते समय गीता सुनाना आडम्बर है ।श्री कृष्ण ने अर्जुन को युद्ध भूमि में जीते जी गीता पाठ सुनाया था। मनुष्य जन्म 84 लाख योनी के बाद मिलता है। इस शरीर का सदुपयोग कर हमें आत्म कल्याण के लिए परमात्मा की भक्ति सेवा कार्य करना चाहिए तभी हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। यह दुनिया एक रंग मंच है सभी परिवारजन कलाकार है जो अपना-अपना अभिनय अलग-अलग क्षेत्र में निभा रहे हैं। श्री राम से प्रेरणा लेकर श्री राम के आर्दश जीवन चरित्र पर चलना चाहिए। जो सरलता व विनम्रता के साथ झुकता है वह उंचाई की ओर जाता है जो अकडता है वह नीचे गिर जाता है। इस अवसर पर कथा आयोजन में दान राशि देने वालों के नाम की घोषणा की गई। महाराज श्री ने भागवत कथा के मध्य कुम्भ स्नान, विश्वकर्मा, देशभक्त, राजा नाभी राजा आदि धार्मिक प्रसंग का वर्तमान परिपेक्ष में महत्व प्रतिपादित किया।श्री मद्भागवत कथा 8 से 14 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह11 से 4 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। 14 जनवरी को पूर्णाहुति भंडारे के साथ कथा का विश्राम होगा। भागवत पोथी पूजन आरती के बाद प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

## बाल वैज्ञानिक एवं शिक्षिका को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया



**मंदसौर, 10 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने जिले के शासकीय हाई स्कूल रिंडा के छात्र वैभव प्रजापत एवं शिक्षिका डा विनीता पांडेउपाध्याय एवं जिला सह समन्वयक पंकज कुमार पंवार को 31 वे राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं छात्र के अभिभावक से चर्चा की। श्रीमती विनीता पांडे ने अपने प्रोजेक्ट और अपने कार्यों ऍवं उसके महत्व के बारे में कलेक्टर महोदया को विस्तार से बताया। इस अवसर पर कलेक्टर ने शिक्षिका, छात्र एवं सह समन्वयक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक- मंदसौर, दिनांक-

**विज्ञप्ति**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं परशराम शर्मा पिता गौतमलाल शर्मा मुखर्जी चौक मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं।**

**इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।**

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| PARSHURAM SHARMA | PARASHRAM SHARMA |

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in